प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 01.03.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– महासमुंद जिले में आज नौ महिला सहित पंद्रह माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

2– छत्तीसगढ़ सहित देशभर में आज से मनाया जा रहा है जनऔषधि सप्ताह।

3– रायपुर में आयोजित ''विकसित भारत युवा संसद'' में युवाओं ने लोकतंत्र की मजबूती और नागरिक दायित्वों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

**और**

4– मौसम विभाग ने बस्तर संभाग के कुछ जिलों में अगले बारह घंटों के दौरान गरज–चमक के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना जताई।

............

**माओवादी आत्मसमर्पण**

महासमुंद जिले में आज नौ महिला सहित पंद्रह माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा ने बताया कि इन सभी माओवादियों पर कुल तिहत्तर लाख रूपये का इनाम घोषित था। इनमें स्टेट कमेटी सदस्य विकास भी शामिल है, जिस पर पच्चीस लाख रूपये का इनाम घोषित था।

आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को राज्य सरकार के पुनर्वास कार्यक्रमों का लाभ मिलेगा और उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल किया जाएगा।

विज्ञप्ति में दावा किया गया है कि इस आत्मसमर्पण के बाद माओवादियों के ओडिशा स्टेट कमेटी का पश्चिमी सब जोन पूरी तरह से समाप्त हो गया है। इसके साथ ही ओडिशा का संबलपुर रेंज भी नक्सलमुक्त हो गया है। गौरतलब है कि बैनर–पोस्टर के अलावा अन्य माध्यमों के साथ ही आकाशवाणी के माध्यम से भी माओवादियों से आत्मसमर्पण करने की अपील की गई थी।

इधर, सुकमा जिले में आज सर्चिंग के दौरान सुरक्षा बलों ने ताड़मेटला और जगरगुंडा के जंगलों में माओवादियों द्वारा बनाए गए शिविर से बीस किलो वजनी आईईडी सहित विस्फोटक सामग्री और माओवादी साहित्य बरामद किया है।

## विजय शर्मा–नितिन गडकरी मुलाकात

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कल नागपुर प्रवास के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तीस के धवईपानी से कवर्धा होते हुए सिमगा तक लगभग एक सौ बाईस किलोमीटर लंबे सेक्शन को फोरलेन में उन्नत करने तथा कवर्धा बायपास के निर्माण को स्वीकृति देने का आग्रह किया। इस पर केंद्रीय मंत्री  ने श्री शर्मा को जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## हाईकोर्ट–सौम्या चौरसिया जमानत

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने शराब घोटाला मामले में पूर्व अधिकारी सौम्या चौरसिया को जमानत दे दी है। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला सुनाया। न्यायालय ने शर्तों के साथ सौम्या

चौरसिया की जमानत को मंजूरी देते हुए कहा कि आरोपी जांच में सहयोग करेंगी और बिना अनुमति प्रदेश से बाहर नहीं जाएंगी।

## जनऔषधि सप्ताह

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में आज से जनऔषधि सप्ताह मनाया जा रहा है। सात मार्च तक चलने वाले इस अभियान के तहत प्रदेश में सप्ताहभर जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्य के विभिन्न जिलों में स्थित जनऔषधि केंद्रों में भी विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में मरीजों को जेनेरिक दवाओं के लाभ, उनकी गुणवत्ता और मूल्य में अंतर की जानकारी दी जा रही है। वहीं, कई स्थानों पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे प्रमाणित जेनेरिक दवाओं को प्राथमिकता दें।

गौरतलब है कि इस वर्ष की थीम ''जन औषधि–सस्ती भी, भरोसेमंद भी'' है।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस–कार्यशाला

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर रायपुर स्थित विज्ञान केन्द्र में हाइड्रो रॉकेट कार्यशाला और नाइट स्काई गेजिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ रीजनल साईंस सेंटर और छत्तीसगढ़ विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक एम.के. बेग ने डॉक्टर  सी.वी. रमन की ऐतिहासिक खोज "रमन प्रभाव" को भारतीय विज्ञान की वैश्विक पहचान का आधार बताया। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल ज्ञान का विषय नहीं, बल्कि नवाचार, तर्कशीलता और राष्ट्र निर्माण की सशक्त धुरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से

आह्वान किया कि वे वैज्ञानिक सोच को अपनाकर अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और उभरते शोध क्षेत्रों में सहभागिता निभाएं। इस दौरान आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को हाइड्रो रॉकेट का प्रत्यक्ष प्रक्षेपण करके दिखाया गया।

## विकसित भारत युवा संसद

भारत सरकार के खेल और युवा कार्यक्रम मंत्रालय द्वारा रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में "विकसित भारत युवा संसद" का आयोजन किया गया। युवा संसद में शामिल होने लगभग दो सौ युवाओं ने अपना पंजीयन कराया था। "आपातकाल के पचास वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सीख" विषय पर आधारित इस कार्यक्रम में युवाओं ने लोकतंत्र की मजबूती, संवैधानिक मूल्यों और नागरिक दायित्वों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

माय भारत के स्टेट डायरेक्टर अर्पित तिवारी ने युवा संसद को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नीति–निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ना है, ताकि वे लोकतंत्र की मजबूती में सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने बताया कि जिला स्तर से चयनित शीर्ष पांच प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व का अवसर मिलेगा।

## मुख्यमंत्री–फाल्गुन महोत्सव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित नादिया के प्राचीन कबीर साहेब मठ में आयोजित अखिल भारतीय सद्गुरु कबीर संत सम्मेलन और तीन दिवसीय फाल्गुन महोत्सव में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मठ पहुंचकर संतों का आशीर्वाद लिया और कबीर साहेब के विचारों को समाज के लिए मार्गदर्शक बताया। इस अवसर पर श्री साय ने विभिन्न घोषणाएं कीं।

## किर्सी ह्यवैरिनेन–बस्तर दौरा

संयुक्त राष्ट्र की सदस्य और हिवा कोचिंग एंड कंसल्टिंग की संस्थापक किर्सी ह्यवैरिनेन अपने छह दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के बाद वापस लौट गई है। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने बस्तर के विभिन्न अंचलों का भ्रमण कर ग्रामीण पर्यटन, स्थानीय उत्पादों, महिला स्व–सहायता समूहों की गतिविधियों और प्रकृति आधारित पर्यटन स्थलों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि बस्तर में सामुदायिक सहभागिता से पर्यटन के क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं। अपने प्रवास के अंतिम दिन उन्होंने बस्तर कलेक्टर आकाश छिकारा से मुलाकात कर अपने अनुभव साझा किए।

## भानुप्रतापपुर–मैराथन दौड़

कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर में आज मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे धावकों ने हिस्सा लिया, जिनमें चार आत्मसमर्पित माओवादी भी शामिल थे। पुरूष और महिला वर्ग में आयोजित इस मैराथन में भिलाई के प्रतिभागियों ने प्रथम स्थान हासिल किया।

कार्यक्रम में विधायक सावित्री मंडावी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम है और ऐसे आयोजनों से युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलती है।

इधर, भिलाई में आज राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर आयोजित जन–जागरूकता रैली में भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों और स्कूली बच्चों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

## होली स्पेशल ट्रेन

होली त्यौहार के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा सत्तर होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। इनमें से चौदह ट्रेनें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संचालित होंगी। वहीं, छप्पन ट्रेनें विभिन्न स्टेशनों से होकर गुजरेंगी।

राजनांदगांव और डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन से भी कई स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। दुर्ग–हजरत निजामुद्दीन, गोंदिया–छपरा, दुर्ग–मधुबनी और गोंदिया–पटना होली स्पेशल ट्रेनों का ठहराव राजनांदगांव और डोंगरगढ़ स्टेशन में दिया गया है। वहीं, गोंदिया–छपरा स्पेशल, गोंदिया–पटना स्पेशल और बिलासपुर–चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेनों का भी ठहराव राजनांदगांव और डोंगरगढ़ में रहेगा।

## हाथी आतंक

सूरजपुर जिले के प्रतापपुर वन परिक्षेत्र में आज अट्ठारह हाथियों के दल ने तीन ग्रामीणों के कच्चे घरों को तोड़ दिया। वहीं, बाड़ियों में लगी फसल को भी रौंद दिया। वन विभाग की टीम मौके पर मौजूद हैं और हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास कर रही है। वन विभाग ने प्रभावित परिवारों को राहत राशि देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## मौसम

मौसम विभाग ने बस्तर संभाग के कुछ जिलों में अगले बारह घंटों के दौरान गरज–चमक के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी छत्तीसगढ़ में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है,

जिसके कारण प्रदेश के कुछ जिलों में बादल छाए रहेंगे। वहीं, अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। मौसम वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है कि वे खुले में रखे अनाज को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दें।

**संक्षिप्त समाचार**

– बिलासपुर स्थित छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी द्वारा एफटीसी और एफटीएससी न्यायालयों के न्यायाधीशों, लोक अभियोजकों, जिला अभियोजन अधिकारियों और मानव तस्करी निरोधक प्रकोष्ठ के अधिकारियों के लिए आज विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

– धमतरी में आज हुई जल उपयोगिता समिति की बैठक में आगामी रबी फसलों की सिंचाई के लिए गंगरेल बांध से पानी छोड़ने की रूपरेखा तय की गई।

– रायपुर के माना स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने आज 'फुल स्केल इमरजेंसी ड्रिल' का आयोजन किया गया। इसमें सीआईएसएफ, अग्निशमन दल और स्वास्थ्य विभाग के दल ने हिस्सा लिया।

– छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल–व्यापमं द्वारा आज प्रदेश में डीटीपी ऑपरेटर और ग्राफिक्स डिजाइनर पदों के लिए परीक्षा आयोजित की गई।

– रायगढ़ जिला प्रशासन और खनिज विभाग की टीम ने आज खरसिया क्षेत्र में कोयले का अवैध परिवहन कर रहे चार ट्रकों को जब्त किया है।

और

– राजनांदगांव–दुर्ग मार्ग पर आज सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>